2

# महर्षि दयानन्द सरस्वती विश्वविद्यालय, अजमेर

क्रमांकः एफ.1 ( )संस्था / मदसविवि / 2026 / यथा राजकाज आईडी

सयुक्त सचिव, उच्च शिक्षा,
शिक्षा (ग्रुप–4) विभाग,
राजस्थान सरकार,
शासन सचिवालय,
जयपुर।

स्मरण पत्र

विषयः–अशैक्षणिक पदों को भरने के संबंध में।
संदर्भः–पत्र क्रमांक एफ.1( )संस्था / मदसविवि / 2026 / 12092 दिनांक 07.04.2026 एवं पत्र क्रमांक एफ.1( )संस्था / मदसविवि / 2026 / 2082 दिनांक 22.06.2026.

महोदय,

उपर्युक्त विषयान्तर्गत एवं सन्दर्भित पत्रों के क्रम में निवेदन है कि विश्वविद्यालय में शैक्षणिक एवं अशैक्षणिक पदों के रोस्टर रजिस्टर राज्य स्तरीय रोस्टर समिति की अनुशंसा के आधार पर रोस्टर रजिस्टर का अनुमोदन किया गया है। विश्वविद्यालय वर्तमान में गंभीर कार्मिक संकट से जूझ रहा है। विश्वविद्यालय की स्थापना के पश्चात् नवीन पाठ्यक्रमों के संचालन एवं नवीन शिक्षा नीति (NEP) के अन्तर्गत वर्ष में 02 बार परीक्षाओं का आयोजन विद्यार्थियों की बढ़ती संख्या के कारण शैक्षणिक एवं प्रशासनिक कार्यभार में अतिरिक्त वृद्धि हुई है। अतः अशैक्षणिक संवर्ग के निम्नानुसार रिक्त पदों पर भर्ती की स्वीकृति राज्य सरकार से अपेक्षित है।

| क्र.सं. | पद का नाम | रिक्त पदों का विवरण |
|---|---|---|
| 1 | अतिरिक्त कुलसचिव | 01 |
| 2 | परीक्षा नियत्रक | 01 |
| 3 | निदेशक–शारीरिक शिक्षा एवं खेल | 01 |
| 4 | पुस्तकालयाध्यक्ष | 01 |
| 5 | सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष | 01 |
| 6 | उपकुलसचिव | 05 |
| 7 | सहायक कुलसचिव | 04 |
| 8 | निजी सचिव–कुलपति | 01 |
| 9 | स्टेनोग्राफर ग्रेड–II | 06 |
| 10 | कनिष्ठ सहायक | 51 |
| 11 | वरिष्ठ तकनीकी सहायक (पुस्तकालय) | 01 |
| 12 | कनिष्ठ तकनीकी सहायक (पुस्तकालय) | 01 |
| 13 | पुस्तक परिचर (पुस्तकालय) | 04 |
| 14 | प्रयोगशाला सहायक | 01 |
| 15 | टेलीफोन ऑपरेटर | 01 |
| 16 | प्रयोगशाला परिचर (लैब बॉय प्रयोगशाला) | 02 |
| 17 | ड्राईवर | 05 |
| 18 | मोटर मैकेनिक कम ड्राईवर | 01 |
| 19 | गैम्स बॉय | 01 |
| 20 | कुक | 01 |
| 21 | वेटर | 02 |
| 22 | गार्डनर | 01 |
| 23 | मशीन ऑपरेटर | 02 |
| 24 | चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी | 14 |
| 25 | सुरक्षा प्रहरी | 05 |
| 26 | चौकीदार | 01 |
| 27 | स्वीपर | 01 |

उक्त सभी पद राज्य सरकार द्वारा पूर्व में स्वीकृत हैं एवं बजट प्रावधानों के अन्तर्गत आते हैं। अतः इन पदों को भरने से अतिरिक्त वित्तीय भार नहीं होगा बल्कि स्वीकृत संसाधनों का उपयोग सुनिश्चित होगा।
इस क्रम में पुनः निवेदन है कि उपरोक्त वर्णित रिक्त पदों को भरने की स्वीकृति प्रदान करने का श्रम करावें।

कुलसचिव

**क्रमांकःएफ.1( )संस्था / मदसविवि / 2026 / यथा राजकाज आईडी**
**प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है:–**

1. वेब एडमिनिस्ट्रेटर, मदसविवि, अजमेर।
2. कुलगुरू सचिवालय, मदसविवि, अजमेर।
3. निजी सहायक–कुलसचिव, मदसविवि, अजमेर को सूचित कर लेख है कि संबंधित को ई–मेल प्रेषित करावें।
4. रक्षित पत्रावली संस्थापन अनुभाग, मदसविवि, अजमेर।

कुलसचिव

RajKaj Ref No.:
23995662

Digitally signed by KAILASH CHANDRA SHARMA
Designation: Additional Registrar
Date: 2026-08-12 16:43:47 IST